HD-04

December - Examination 2017

B.A. Pt. II Examination

हिन्दी साहित्य का इतिहास

Paper - HD-04

Time : 3 Hours] **[Max. Marks :- 100**

निर्देश : यह प्रश्न पत्र 'अ', 'ब' और 'स' तीन खण्डों में विभाजित है। खण्ड में दिए गये निर्देशों के अनुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

खण्ड – 'अ' **10 × 2 = 20**

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को प्रश्नानुसार एक शब्द, एक वाक्य या अधिकतम 30 शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 2 अंकों का है।

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(i) राम भक्ति काव्य धारा की दो प्रवृत्तियाँ लिखिए।

(ii) आदिकाल का नामकरण 'सिद्ध सामंतकाल' किसने किया है?

(iii) सूफी काव्यधारा के दो कवियों के नाम लिखिए।

(iv) रीतिबद्ध काव्यधारा के दो आचार्य कवियों के नाम लिखिए।

(v) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र द्वारा संपादित दो साहित्यिक पत्रिकाओं के नाम बताइए।

(vi) प्रेमचंद की दो कहानियों के नाम लिखिए।

(vii) किन्हीं दो छायावादी कवियों एवं उनकी एक-एक रचना का नाम लिखिए।

(viii) 'तार सप्तक' का प्रकाशन/संपादन कब और किसने किया?

(ix) मोहन राकेश की दो नाट्य रचनाओं के नाम लिखिए।

(x) ललित निबंध को परिभाषित करते हुए किन्हीं दो ललित निबंधकारों के नाम लिखिए।

(खण्ड – ब) $4 \times 10 = 40$

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम 200 शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 10 अंकों का है।

2) नाथ एवं सिद्ध साहित्य की सामान्य विशेषताएँ लिखिए।

3) ''गोस्वामी तुलसीदास सगुण भक्तिधारा के प्रतिनिधि कवि हैं।'' सिद्ध कीजिए।

4) भारतेन्दु युगीन गद्य साहित्य की सामान्य विशेषताओं की चर्चा कीजिए।

5) भारतेन्दु युगीन कविता की सामान्य प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए।

6) छायावाद को परिभाषित करते हुए इस काव्य आंदोलन की प्रमुख स्थापनाओं की विवेचना करें।

7) प्रगतिवादी काव्य आंदोलन के प्रमुख कवियों का नामोल्लेख करते हुए उनकी कविता के वैशिष्ट्य का प्रतिपादन कीजिए।

8) नयी कविता आंदोलन की संवेदना एवं शिल्प पर संक्षेप में विचार कीजिए।

9) 'नाटक' एवं 'एकांकी' में अंतर स्पष्ट करते हुए किसी एक विधा के उद्‌भव एवं विकास पर एक संक्षिप्त निबंध लिखिए।

(खण्ड – स) **2 × 20 = 40**

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम 500 शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 20 अंकों का है।

10) आदिकाल के कालविभाजन एवं नामकरण की समस्या पर विभिन्न विद्वानों के मतों के आलोक में विस्तार से विचार करते हुए अपना निष्कर्ष प्रस्तुत कीजिए।

11) निर्गुण भक्तिकाव्य का वर्गीकरण करते हुए उनकी अंतर्धाराओं की सामान्य प्रवृत्तियों का पृथक–पृथक विश्लेषण कीजिए।

12) रीतिकालीन काव्य की पृष्ठभूमि स्पष्ट करते हुए रीतिबद्ध, रीतिमुक्त एवं रीतिसिद्ध काव्यधाराओं की संक्षेप में विवेचना कीजिए।

13) हिन्दी कहानी अथवा उपन्यास के उद्‌भव एवं विकास पर एक लेख लिखिए।